**भारत सरकार**

**इस्पात मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2560**

**20 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए**

**इस्पात का अधिकाधिक विक्रय हेतु नए बाजार**

**2560. डा. कनिमोझी एनवीएन सोमू:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या इस्पात का अधिकाधिक विक्रय करने और ग्राहक सेवाओं के उच्च मानक स्थापित करने के लिए स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) नए बाजार खोलने पर ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान देश के सभी इस्पात संयंत्रों की कुल उत्पादन क्षमता, वास्तविक क्षमता, खपत के साथ लौह अयस्क तथा तैयार इस्पात दोनों का निर्यात कितना-कितना है, तत्संबंधी संयंत्र-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात मंत्री** **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क) और (ख): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) ग्राहक सेवाओं में सुधार लाने के निरंतर प्रयासों के साथ मौजूदा और नए बाजारों के माध्यम से बिक्री को अधिकतम करने पर ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं। सेल ने अपने उत्पादों के विपणन के लिए 4 क्षेत्रीय कार्यालयों, 37 शाखा कार्यालयों, 41 वितरकों और लगभग 3340 डीलर के एक देशव्यापी नेटवर्क की स्थापना की है। आरआईएनएल के वितरक नेटवर्क में 5 क्षेत्रीय कार्यालयों के तहत 23 स्थानों में शाखा बिक्री कार्यालय/स्टॉकयार्ड और लगभग 285 ग्रामीण डीलर शामिल हैं। सेल और आरआईएनएल विनिर्माण क्षेत्र सहित रेलवे, मेट्रो, ऊर्जा क्षेत्र, पुल, परमाणु परिसर तथा कई अन्य राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं के निर्माण के लिए इस्पात

के विभिन्न ग्रेडों की आपूर्ति कर रहे हैं। सेल और आरआईएनएल ने ग्रामीण भारत में इस्पात की खपत को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में उत्पादों के उपयोग और सामुदायिक अवसंरचना में उनके लाभों को उजागर करने के लिए अग्रसक्रिय अभियान भी चलाया है, उदाहरण "गाँव की ओर"। सेल ने "एनईएक्स" और सेल के "एसईक्यूआर" रेंज के स्ट्रक्चरल्स और रिइंफोर्समेंट बार्स, डिजिटल भुगतान प्रणाली, डोर डिलीवरी, अपने संयंत्रों के आसपास के स्थानीय एमएसएमई को प्रोत्साहन देना, आदि जैसे बेहतर कार्य-निष्पादन के साथ ब्रांडेड उत्पादों को लॉन्च करते हुए ग्राहक सेवाओं में सुधार लाने के लिए प्रयास किए हैं। इन्होंने 2-स्तरीय खुदरा नेटवर्क के माध्यम से खुदरा ग्राहकों को भी अतिरिक्त सेवा प्रदान की है।

सेल ने नए अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में विभिन्न उत्पादों का निर्यात किया है और निर्यात को बढ़ाने के लिए पारादीप बंदरगाह से प्रचालन शुरू करना, ग्राहकों के लिए प्रचालन को आसान बनाना और छोटे आकार के निर्यात आदेशों को पूरा करने के लिए कंटेनराइज्ड शिपमेंट की संख्या में वृद्धि करना, आदि उपाय किए हैं।

आरआईएनएल ने घरेलू और निर्यात बिक्री घटकों को संतुलित करते हुए जियो मिक्स और प्रोडक्ट मिक्स के बिक्री का इष्टतमीकरण किया है। घरेलू बाजार में, एमएसई सहित छोटे विनिर्माताओं को आपूर्ति पर विशेष ध्यान दिया जाता है। आरआईएनएल ने देश के दूर-दराज के क्षेत्रों को कवर करने के लिए एक नया पोर्टल "ई-सुविधा" शुरू किया है। आरआईएनएल ने ई-सुविधा के माध्यम से सामग्री की बिक्री के लिए ऑनलाइन बिक्री शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य इंटरनेट से पता करने और डोर डिलीवरी प्रावधान के जरिए डिजिटल भारत के प्रत्येक कोने की सेवा आवश्यकता को पूरा करना है।

(ग): लौह अयस्क और तैयार इस्पात दोनों की कुल उत्पादन क्षमता, वास्तविक उत्पादन, खपत, आयात और निर्यात का ब्यौरा **अनुलग्नक** में है।

****

**अनुलग्नक**

**(दिनांक 20.12.2021 को उत्तरार्थ राज्यसभा अतारांकित प्रश्न सं. 2560 के भाग (ग) का उत्तर)**

I. **लौह अयस्क**: विगत 3 वर्षों के लिए लौह अयस्क का उत्पादन और निर्यात संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा नीचे तालिका में दर्शाया गया है:-

| **विगत तीन वर्षों के दौरान लौह अयस्क का उत्पादन, निर्यात (मिलियन टन में)** | | | |
|---|---|---|---|
| **लौह अयस्क** | **2018-19** | **2019-20** | **2020-21** |
| उत्पादन | 206.49 | 246.08 | 204.28* |
| निर्यात | 16.15 | 36.62 | 57.72 |
| स्रोत – उत्पादन: आईबीएम, नागपुर, निर्यात: डीजीएफटी, *अनंतिम | | | |

II. विगत तीन वर्षों के दौरान भारत के सभी संयंत्रों के कच्चे इस्पात का कुल उत्पादन क्षमता और वास्तविक उत्पादन का संयंत्र-वार विवरण निम्नानुसार है:-

| **कच्चा इस्पात** | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **उत्पादक** | **2018-19 (एमटी)** | | **2019-20 (एमटी)** | | **2020-21 (एमटी)** | |
| | **क्षमता** | **उत्पादन** | **क्षमता** | **उत्पादन** | **क्षमता** | **उत्पादन** |
| सेल | 19.13 | 16.26 | 19.63 | 16.16 | 19.63 | 15.21 |
| आरआईएनएल | 6.30 | 5.23 | 6.30 | 4.75 | 6.30 | 4.30 |
| टीएसएल ग्रुप | 19.40 | 18.40 | 19.40 | 18.53 | 19.40 | 17.20 |
| एएम/एनएस | 10.00 | 6.81 | 10.00 | 7.12 | 10.00 | 6.70 |
| जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड | 18.00 | 16.74 | 18.00 | 15.97 | 18.00 | 14.78 |
| जेएसपीएल | 8.60 | 5.25 | 8.60 | 5.86 | 8.60 | 6.86 |
| अन्य | 60.80 | 42.21 | 60.37 | 40.75 | 61.98 | 38.49 |
| **कुल** | **142.24** | **110.92** | **142.30** | **109.14** | **143.91** | **103.54** |
| स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी); एमटी=मिलियन टन | | | | | | |

III. **तैयार इस्पात:**

(क) तैयार इस्पात का उत्पादन, खपत और निर्यात:-

| विगत तीन वर्षों के दौरान तैयार इस्पात का उत्पादन, खपत और निर्यात (मिलियन टन में) | | | |
|---|---|---|---|
| **तैयार इस्पात** | **2018-19** | **2019-20** | **2020-21** |
| उत्पादन | 101.29 | 102.62 | 96.20 |
| खपत | 98.71 | 100.17 | 94.89 |
| निर्यात | 6.36 | 8.36 | 10.78 |
| स्रोत: जेपीसी | | | |

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान तैयार इस्पात के कुल उत्पादन का संयंत्र-वार विवरण निम्नानुसार है:-

| तैयार इस्पात (मिश्र धातु/स्टेनलेस + गैर-मिश्र धातु) | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्पादक** | **2018-19 (एमटी)** | **2019-20 (एमटी)** | **2020-21 (एमटी)** |
| | **उत्पादन** | **उत्पादन** | **उत्पादन** |
| सेल | 12.70 | 12.44 | 11.09 |
| आरआईएनएल | 4.24 | 3.59 | 2.69 |
| टीएसएल ग्रुप | 18.20 | 18.69 | 16.56 |
| एएम/एनएस | 6.78 | 7.02 | 6.61 |
| जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड | 15.56 | 15.08 | 14.05 |
| जेएसपीएल | 3.81 | 4.48 | 4.34 |
| अन्य | 40.00 | 41.34 | 40.87 |
| **कुल** | **101.29** | **102.62** | **96.20** |
| स्रोत : जेपीसी | | | |

********